उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

राज्य निर्वाचन आयोग परिसर, रिंग रोड लाडपुर देहरादून, उत्तराखण्ड।

वेबसाइट—www.sssc.uk.gov.in E-mail: chayanayog@gmail.com

फोन नं0 0135–2669658

पत्रांक –1597/परीक्षा अधियाचन/2018 देहरादूनः दिनांकः 12 अक्टूबर, 2018

विज्ञप्ति/संशोधन

विज्ञापन संख्या–04/उ.अ.से.च.आ./2016 दिनांक 20 फरवरी, 2016 द्वारा विज्ञापित उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग देहरादून के अन्तर्गत समीक्षा अधिकारी (पद कोड 16.1) के रिक्त 04 पदों पर चयन हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। आयोग में सहायक समीक्षा अधिकारी के पद हेतु 4000 KDPH कम्प्यूटर टंकण अनिवार्य अर्हता है, किन्तु समीक्षा अधिकारी के लिए यह दक्षता नहीं है। आयोग में संज्ञान में यह तथ्य आया कि उत्तराखण्ड सचिवालय में समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी सेवा (संशोधन) नियमावली 2014 के द्वारा समीक्षा अधिकारी के लिए भी 4000 KDPH कम्प्यूटर टंकण अनिवार्य कर दिया गया है। आयोग में कार्य की गोपनीयता के दृष्टिगत प्रत्येक समीक्षा अधिकारी को अपना टंकण कार्य स्वंय जानना आवश्यक एवं अत्यंत उपयोगी है। अब चूंकि यह समान पदों पर सचिवालय में भी अनिवार्य कर दिया गया है, अतः इसे आयोग में भी लागू किये जाने की दृष्टि से उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अन्तर्गत उपरोक्त विज्ञप्ति में से पदकोड 16.1 में उल्लिखित 04 समीक्षा अधिकारी के रिक्त पदों की विज्ञप्ति को निरस्त किया जाता है। अर्हताओं में संशोधन के उपरान्त इसे पुनः जारी किया जायेगा।

उपरोक्त संशोधन के अतिरिक्त विज्ञापन संख्या–04/उ.अ.से.च.आ./2016 दिनांक 20 फरवरी, 2016 की शेष शर्तें यथावत रहेगी।

12/10

सचिव,
उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

प्रतिलिपि : परीक्षा नियंत्रक, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को सूचनार्थ प्रेषित।